# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (4 September 2025)
## Subject - Hindi
## Class - VII (SET - A)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

(भाग-क) पठन

प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (5)

**एक समय की बात है, एक छोटे से गाँव में एक बूढ़ा आदमी रहता था। वह हर दिन अपनी छोटी सी झोपड़ी में बैठकर पुराने समय की कहानियाँ सुनाता था। लोग उसे बहुत आदर देते थे और उसकी बातें ध्यान से सुनते थे। वह हमेशा कहता था, "समय के साथ बदलाव आता है, लेकिन हमारी यादें हमेशा हमारे साथ रहती हैं।" उसकी बातें सुनकर लोग हमेशा सिखने की कोशिश करते थे। वह कभी भी गुस्से में नहीं आता था और हर समस्या का समाधान शांति से करता था।**

**एक दिन गाँव में एक बड़ा तूफ़ान आया। सभी लोग डर के मारे अपने-अपने घरों में छिप गए। लेकिन वह बूढ़ा आदमी झोपड़ी से बाहर निकला और कड़ी धूप में बैठकर शांति से अपने काम करता रहा। उसे देखकर लोगों ने सोचा कि वह आदमी कभी भी घबराता नहीं है। उन्होंने उस से पूछा, "तुम इतने डर के बिना कैसे रह सकते हो?" बूढ़े आदमी ने हंसते हुए कहा, "डर तो मन का आभास है। अगर हम उसे मन से निकाल दें, तो कोई भी तूफ़ान हमें प्रभावित नहीं कर सकता।"**

**प्रश्न 1: बूढ़ा आदमी किस कारण से लोगों के बीच सम्मानित था?**

1) अपनी उम्र के कारण 2) अपनी कहानियों और जीवन के अनुभवों के कारण

3) अपनी अमीरी के कारण 4) अपनी कड़ी मेहनत के कारण

**प्रश्न 2: बूढ़ा आदमी हमेशा क्या कहता था?**

1) हमेशा गुस्से में रहना चाहिए 2) समय के साथ बदलाव आता है और यादें हमेशा साथ रहती हैं

3) तूफ़ान से डरना चाहिए 4) दौलत से खुश होना चाहिए

**प्रश्न 3: तूफ़ान आने पर बूढ़ा आदमी कहाँ था?**

1) गाँव के बाहर 2) अपने घर में 3) झोपड़ी से बाहर 4) गाँव के केंद्र में

**प्रश्न 4: बूढ़े आदमी ने किस प्रकार से डर को परिभाषित किया?**

1) डर हमारी शारीरिक स्थिति है 2) डर तो मन काआभास है

3) डर एक प्राकृतिक प्रक्रिया है 4) डर एक मानसिक कमजोरी है

**प्रश्न 5: बूढ़े आदमी ने अपनी समस्याओं का समाधान कैसे किया?**

1) हमेशा गुस्से में आकर 2) शांति से सोच कर 3) हमेशा दूसरों पर निर्भर हो कर 4) घर छोड़ कर

A-1

Scanned with OKEN Scanner

(XI)(क)

## (भाग-ख) व्यावहारिक व्याकरण

**प्र2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :-** (4)

(i)क) वर्णमाला किसे कहते है?

ख) ज्+ञ्+अ के मेल से कौन-सा संयुक्त व्यंजन बनता है?

ग) तत्सम शब्द छाँटकर लिखें: गधा, तेल, दधि, श्रावन

घ) टुकड़े करने पर जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं निकलता, उन्हें क्या कहते है?

**(ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें:- (कोई 4)** (2)

आय, नैतिक, लाभ, समर्थन, अल्प

**(iii) दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखें:-** अंक, अर्थ (2)

**(iv) अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद का नाम लिखें:-** (2)

क) मानवता सबसे बड़ा धर्म है।

ख) जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ।

**(v) रेखांकित अंशों के कारक बताइए:-** (2)

क) हे भगवान आप सबकी रक्षा करें।

ख) हमें बड़ों का आशीर्वाद लेना चाहिए।

**(vi) वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें:-** (3)

क) जानने की इच्छा रखने वाला

ख) दूर की सोचने वाला व्यक्ति

ग) जो केवल अपना ही हित सोचे

**(vii)क) संधि करें :-** (2+1)

दिन + अंक, राजा + ईश, महा + उदय, वन + औषध

**ख) संधि विच्छेद करें :-** स्वैच्छिक

**(vii) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें:- (कोई 3)** (3)

अंधकार, देवता, हाथ, सागर

**(ix)क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखें:-** (2+1)

1) जिसने सोनू पर भरोसा किया उसने उसी को धोखा दिया

2) तुमने नौकरी क्यों छोड़ दी

**ख) वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह का नाम लिखें:-**

दहेज : एक सामाजिक कलंक

**(x)क) दो-दो उपसर्ग लिखें:-** अ, कम (2+1)

**ख) उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करें:-** बदहज़मी



Scanned with OKEN Scanner

**(xi)क) समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखें:-** (2+1)

घोड़े पर सवार, सौ शब्दों का समूह

**ख) समास विग्रह करें :-** मर्यादाहीन

**(xii) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम का भेद लिखें:-** (3)

क) आपके साथ कौन है?

ख) आपको यह अनुच्छेद खुद लिखना होना

ग) जो सोता है, सो खोता है।

**(xiii)क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों का भेद बताएँ:-** (2+1)

1) साहसी लोग हमेशा आगे बढ़ते है।

2) यह कार माधव की है।

ख) कोष्ठक में दिए गए शब्द से सही विशेषण शब्द बनाकर रिक्त स्थान भरें:-

1) मछली एक ............. जीव है। (समुद्र)

2) वे ........... साथ-साथ स्कूल जाते है। (दो)

**(xiv)क) मुहावरों के उनके अर्थ से सही मिलान करें:-** (2+1)

| | |
|---|---|
| 1) लाल-पीला होना | क) बहुत हैरान होना |
| 2) आँखों में धूल झोंकना | ख) एकता में बल होना |
| 3) दाँतों तले उँगली दबाना | ग) बहुत गुस्सा करना |
| 4) एक और एक ग्यारह | घ) धोखा देना |

**ख) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएः-**

जले पर नमक छिड़कना

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

**प्र3क) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के अर्थ लिखें:** (2)

चिर, पीड़ा, कलेजा, सहसा, निरीक्षण, स्पर्श

**ख) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें:** (3)

परिक्रमा, बिरादरी, आपातकालीन, कौतूहल

**प्र4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें-** (4×1=4)

क) कवि किस तरह का प्रकाश बनना चाहते थे?

ख) 'जीवन रक्षक' ऐप का उद्देश्य क्या था?

ग) हामिद की दादी ने उसे केवल तीन पैसे ही क्यों दिए?

घ) कुब्जा के आने से राधा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?

ङ) 'नवजीवन का विहान' लाने के लिए कवि क्या करना चाहते है?



Scanned with OKEN Scanner

प्र5.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दें-(3×2=6)

क) कविता का शीर्षक 'विहान' क्यों रखा गया? इसकी सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

ख) 'जीवन रक्षक' ऐप के प्रभाव और महत्तव पर आपके क्या विचार है?

ग) 'ईदगाह' कहानी में हामिद के चरित्र की कौन-सी विशेषताएँ उभर कर आती हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

घ) नीलकंठ और राधा की शारीरिक बनावट का वर्णन कीजिए।

**प्र6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (3)

**'जीवन रक्षक' ऐप में सुधार करने के उद्देश्य से आस्था और सरिता मैडम फिर से जुट गईं। वे एक रंग-कोडित प्रणाली पेश करती है, जहाँ सबसे मामलों को लाल रंग में दिखाया जाने लगा ताकि ड्राइवर आपातकालीन मामलों को प्राथमिकता दे सकें। एक दिन आस्था की दोस्त माही के ददा जी की तबीयत खराब हो गई। माही ने 'जीवन रक्षक' ऐप को सक्रिय किया और एंबुलेंस मार्ग पर सभी ड्रावरों को एक आपातकालीन चेतावनी का संकेत मिला। जिसके द्वारा एंबुलेंस बिना किसी रुकावट के, समय से माही के दादा जी को लेकर अस्पताल पहुँच गई। समय से इलाज मिलने के कारण माही के दादा जी की जान बच गई।**

क) अगर आप फोन से कोई जानकारी प्राप्त करना चाहते हो तो क्या डाउनलोड करते हो?
1) कैमरा 2) प्ले-स्टोर 3) ऐप 4) सभी

ख) ट्रैफिक नियमों में कौन-सा रंग रूकने का संकेत करता है।
1) लाल 2) हरा 3) पीला 4) नीला

ग) अगर आप किसी की तबीयत ज्यादा खराब देखते हो तो इस आपातकालीन स्थिति में किस गाड़ी को फोन करते हो?
1) ट्रक 2) ऐबुलेंस 3) आग बुझाने वाली गाड़ी 4) सामान ढ़ोने वाली गाड़ी

## (खण्ड-घ) लेखन

**प्र7. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:** (5)

मेरे प्रिय अध्यापक **अथवा** क्या होता अगर नदियाँ न होती

**प्र8. किसी एक विषय पर अनौपचारिक पत्र लिखें।** (5)

मोबाइल पर बहुत अधिक समय बिताने वाले छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**अथवा**

दादा जी ने आपको गरमियों की छुट्ट्याँ गाँव में बिताने के लिए पत्र लिखा है। आप दादा जी का जवाब देते हुए पत्र लिखें।



Scanned with OKEN Scanner

प्र9. किसी एक विषय पर संवाद लिखिए। (5)

भारी बर्फवारी में फँसे दो पर्यटकों के बीच बातचीत पर संवाद लिखें।

**अथवा**

दाँतों के डॉक्टर व मरीज के बीच हुई बातचीत पर संवाद लिखें।

प्र10. निम्नलिखित चित्र को देखकर उनका वर्णन 50-60 शब्दों में कीजिए। (3)



A-5

Scanned with OKEN Scanner